**दिनांक 20.01.2026 को मुख्य अभियंता (द०), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद के परिसर में अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (जी0+5) एवं 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (जी0+3) के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

<u>उपस्थितिः-</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अभय कुमार सिंह,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री अशोक कुमार पाण्डेय,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, जहानाबाद। | - | **सदस्य** |
| 1 | कार्य का नाम | - | जहानाबाद जिलान्तर्गत में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद के परिसर में अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (जी0+5) एवं 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (जी0+3) के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 4242.74 लाख (अपर सचिव, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-3476 दिनांक-30.06.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 35,18,53,600/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1558 (नि0) अनु0 दिनांक-26.09.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 35,01,16,539/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 39,64,05,905/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-017597(भ0) 25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र मे दिनांक-21.11.2025 मे प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 01.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 08.12.2025 / 12.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 24.12.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 26.12.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 संजय कुमार यादव, शिव मंदिर, जेल रोड, रामपुर, गया।<br>(2) मे0 बी0 राय कंसट्रक्सन कंपनी, गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स, धनबाद, झारखंड।<br>(3) कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद।<br>(4) अशोक कुमार, पटोरी, पचगछिया, सहरसा।<br>(5) मे0 अवधेश कंसट्रक्सन, ए0पी0 कॉलनी, गया।<br>(6) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 20.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा द्वारा निविदा मे शामिल कुल छः निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा छः निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 संजय कुमार यादव, शिव मंदिर, जेल रोड, रामपुर, गया द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 बी0 राय कंसट्रक्सन कंपनी, गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स, धनबाद, झारखंड द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानबाद द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** अशोक कुमार, पटोरी, पचगछिया, सहरसा द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** मे0 अवधेश कंसट्रक्सन, ए0पी0 कॉलनी, गया द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा (**जो इस निविदा में निविदाकार है**) से फायर फाईटिंग कार्य हेतु अनुभव प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र के माध्यम से लिया गया है। अतः पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0-5737(एस0) दिनांक-07.05.2007 के पंजीकृत बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका-11 की उप कंडिका-10 "सोची समझी साजिश के तहत संघ/समूह (Cartel) बनाकर निविदा में भाग लेना/बहिष्कार करना की श्रेणी में आता है। अतः इस आलोक मे इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**षष्ट्म निविदाकार** मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा मे0 अवधेश कंसट्रक्सन, ए0पी0 कॉलनी, गया (**जो इस निविदा में निविदाकार है**) को फायर फाईटिंग कार्य हेतु अनुभव प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र के माध्यम से दिया गया है। अतः पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0-5737(एस0) दिनांक-07.05.2007 के पंजीकृत बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका-11 की उप कंडिका-10 "सोची समझी साजिश के तहत संघ/समूह (Cartel) बनाकर निविदा में भाग लेना/बहिष्कार करना की श्रेणी में आता है। अतः इस आलोक मे इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

इस प्रकार छः निविदाकार में से चार निविदाकार को **''रिसपान्सिव''** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 संजय कुमार यादव, शिव मंदिर, जेल रोड, रामपुर, गया (2) मे0 बी0 राय कंसट्रक्सन कंपनी, गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स, धनबाद, झारखंड (3) कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानबाद (4) अशोक कुमार, पटोरी, पचगछिया, सहरसा को सफल (5) मे0 अवधेश कंसट्रक्सन, ए0पी0 कॉलनी, गया (6) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा को असफल घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-26.01.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (अशोक कुमार पाण्डेय) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, जहानाबाद। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-110/2023....264 (5)..........  पटना/दिनांक....20.01.26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.P-1/2026/docx 31